<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

शिवालिक भवन छात्रावास में बसंत पंचमी उत्सव का भव्य आयोजन

पन्तनगर। 4 फरवरी 2025। विश्वविद्यालय के शिवालिक भवन छात्रावास में बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ बसंत पंचमी उत्सव। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के समस्त छात्रगण, शिक्षकगण एवं स्थानीय समुदाय के हजारों लोगों ने भाग लिया और वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत किया। बसंत पंचमी का पर्व देवी सरस्वती की पूजा और ज्ञान, संगीत, कला एवं संस्कृति के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है और इस साल का उत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी बहुत खास था। उत्सव के पहले दिन देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापना हुआ, जिसमें बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। संध्या आरती के समय विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना, छात्रावास अधीक्षक श्री राजीव रंजन एवं समस्त विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण का आगमन हुआ। इसके बाद कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें कुलपति द्वारा उपहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन हवन का कार्यक्रम का संपन्न हुआ जिसके बाद माता रानी की शोभा यात्रा निकाली गयी जो विश्वविद्यालय प्रत्येक छात्रावास भवन एवं चौराहो से गुजरा। छात्रों द्वारा रंग गुलाल से होली खेलकर एवं पटाखे जलाकर विसर्जन का कार्य संपन्न हुआ। इस आयोजन के माध्यम से हम न केवल अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हैं, बल्कि एकजुटता और सामुदायिक भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। हमारा उद्देश्य इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी आयोजित करते रहने का है, ताकि हमारी संस्कृति और परंपराएँ नई पीढ़ी तक पहुँच सकें। इस अवसर पर मिले अपार समर्थन के लिए हम सभी का आभार व्यक्त करते हैं।

बसंत पंचमी उत्सव पर आरती करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार